# बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## 28 नवम्बर, 2024

----

**[कृषि - पशु एवं मत्स्य संसाधन - लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण - खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण - नगर विकास एवं आवास - सहकारिता राजस्व एवं भूमि सुधार ].**

**कुल प्रश्न 153**

----

### मेट्रो रूट निर्धारण करना

***368 जिवेश कुमार (जाले):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1.क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला में मेट्रों के परिचालन हेतु प्रस्तावित चार मेट्रों कॉरिडोर में से दो कॉरिडोर का सर्वे भी हो चुका है;

2.क्या यह बात सही है कि सिंहवाड़ा नगर पंचायत प्रस्तावित दरभंगा एम्स निर्माण स्थल एवं दरभंगा एयरपोर्ट के काफी नजदीक है फिर भी वहाँ मेट्रों रूट का निर्धारण नहीं किया गया है;

3.यदि उपर्युक्त खण्डो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार जनहित में बचे हुए दो कॉरिडोर में एक कॉरिडोर को जाले से भरवाड़ा, सिंहवाड़ा, सिमरी होते हुए एम्स तथा एयरपोर्ट तक रूट निर्धारित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक नही, तो क्यों ?

----

***369 मनोहर प्रसाद सिंह (मनिहारी):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण**

----

## टेंपो एवं टैक्सी स्टैंड का निर्माण

*370 **रश्मि वर्मा (नरकटियागंज):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंॆत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- (1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला अंतगर्त नरकटियागंज जिला परिषद मुख्यालय में टेंपो एवं टैक्सी स्टैंड नहीं रहने के कारण टेंपों एवं टैक्सी ड्राइवरो के द्वारा शहर के अन्यत्र स्थानों पर टैम्पो एवं टैक्सी खड़ा कर देने से शहर में जाम की समस्या बनी रहती है; यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में नरकटियागंज नगर परिषद मुख्यालय में सुगम आवागमन हेतु कबतक टैम्प,टैक्सी स्टैंड का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

*371 **मुहम्मद इजहार असफी (कोचाधामन):**

**कृषि**

----

*372 **बीरेन्द्र सिंह (वजीरगंज ):**

**नगर विकास एवं आवास**

----

*373 **अनिल कुमार (टिकारी ):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण**

----

## सीताधार पक्कीकरण करना

*374 **विद्या सागर केशरी (फोर्बेसगंज):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री,नगर विकास एवं आवास विभाग,यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि:- क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र के नगर परिषद फारबिसगंज में जल निस्तारण हेतु निर्मित सीताधार अतिक्रमण से संकुचित हो रहा है एवं उनमें गाद भर गया है जिससे शहरवासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है,यदि हाँ,तो सरकार कबतक उक्त अतिमहत्वपूर्ण सीताधार को अतिक्रमण मुक्त कराने एवं मास्टर प्लान के तहत चैनल बना कर पक्कीकरण कराने का

विचार रखती है,नहीं तो क्यों ?

----

*375 **ललन कुमार (पिरपैंती ):**

**कृषि**

----

**बस पड़ाव बनाना**

*376 **शमीम अहमद (नरकटिया):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- 1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत छौड़ादानों शहर में सरकारी बस पड़ाव नहीं है; 2. क्या यह बात सही है कि उक्त शहर में बस पड़ाव नहीं रहने के कारण सरकारी बस सड़क पर लगने से जाम की समस्या बनी रहती है जबकि सरकारी भूमि उपलब्ध है; 3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सरकारी भूमि पर बस पड़ाव बनाने का विचार रखती है, हॅा तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

*377 **गोपाल रविदास (फुलवारी ):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण**

----

**कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कराना**

*378 **मीना कुमारी (बाबूबरही):**

**कृषि** क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- (1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तगर्त लदनियॅा प्रखण्ड के पंचायत सिद्यपा में कोल्ड स्टोर नहीं रहने के करण वहाँ के किसानों को फसल तथा सब्जी उत्पाद के भंडारण का लाभ नहीं मिल पाता है; (2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत में आई0टी0आई0 कॉलेज के पास सरकारी जमीन उपलब्ध है जिसका खाता संख्या-1415 एवं खेसरा संख्या 11912, 11913 है; (3) यदि उपर्युक्त खण्डों को उतर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सरकारी जमीन पर कोल्ड स्टोर का निर्माण कराना चाहती है,हाँ,तो कब तक,नहीं, तो क्यों?

----

*379 **प्रणव कुमार (मुंगेर ):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण**

----

***380 विजय कुमार (गुरुआ):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार**

----

***381 महबूब आलम (बलरामपुर):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण**

----

***382 रामबली सिंह यादव (घोसी ):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण**

----

***383 मुकेश कुमार यादव (बाजपट्टी):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण**

----

***384 राम रतन सिंह (तेघरा):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार**

----

## वेतन भुगतान नहीं होने के कारण

***385 पंकज कुमार मिश्र (रून्नीसैदपुर):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चंपारण जिलान्तर्गत विभिन्न अंचलो से सेवानिवृत्त कर्मियों को अभी तक सुनिचित वृत्ति उन्नयन

योजन(ए0सी0पी0) का लाभ नहीं मिल संका है। उदाहरण स्वरूप् मैनाटांड़ अंचल से श्री विनय कुमार,सेवानिवृत्त राजस्व कर्मचारी

के सेवाकाल में दिनांक-23.08.2013 का वेतन भुगतान नहीं होने के कारण उक्त अवधि का सेवा सत्यापन नहीं हो सका है,

जिस कारण श्री विनय कुमार, सेवानिवृत्त राजस्व कर्मचारी को अभी तक सुनिचित वृत्ति उन्नयन योजना (ए0सी0पी0) का लाभ

प्राप्त नहीं हो सका है; यदि हाँ, तो सरकार कब तक श्री विनय कुमार, सेवानिवृत्त राजस्व कर्मचारी के उक्त अवधि का सेवा

सत्यापन कर सुनिचित वृत्ति उन्नयन योजना (ए0सी0पी0) का लाभ देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

***386 मिश्री लाल यादव (अलीनगर):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार**

----

## कार्रवाई करना

***387 नीतु कुमारी (हिसुआ ):**

**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण** क्या मंंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(1) क्या यह बात सही है कि हिसुआ,नरहट और अकबरपुर प्रखण्डों सहित पूरे नवादा जिला में राईस मिलों द्वारा राज्य खाद्य निगम के गोदामों में घटिया एवं निम्न स्तरीय चावल की आपूर्ति की जाती है और यही चावल पी.डी.एस. द्वारा लोगों को वितरित की जाती है जो खाने योग्य नहीं होता है जिससे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है; यदि हाँ, तो सरकार कबतक इसकी जाँच कराते हुये दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

***388 अजीत शर्मा (भागलपुर ):**

**नगर विकास एवं आवास**

----

***389 श्यामबाबू प्रसाद यादव (पिपरा, पूर्वी चंपारण):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण**

----

## सड़क सह नाला का निर्माण

***390 मंजु अग्रवाल (शेरघाटी):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के नगर पंचायत डोभी अंतर्गत अमारुत बाजार से मटन मोड़ तक रोड एवं नाला नहीं रहने से वहां के स्थानीय लोगों के साथ-साथ आमजनों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है साथ ही बरसात के दिनों में

अधिकांशतः घरों में वर्षाजल का जमाव होने से गंभीर बीमारियाँ उत्पन्न होने की संभावना व्याप्त रहती है | यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर आवागमन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से रोड एवं नाला का निर्माण करवाने का विचार करती है, नहीं तो क्यों ?

----

*391 **राम सिंह (बगहा):**

**नगर विकास एवं आवास**

----

## पक्की सड़क नहीं होने के कारण

*392 **इजहारूल हुसैन (किशनगंज):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत किशनगंज नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 33 में खगड़ा कर्बला चौक से जुलजुली
गांव एवं आदीवासी टोला होते हुए हसनपुर बंगाल सीमा तक पक्की सड़क नहीं होने के कारण आमजनों को आवागमन में काफी
कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण करवाने का विचार रखती, नहीं,
तो क्यों?

----

*393 **अजीत कुमार सिंह (डुमरांव ):**

**सहकारिता**

----

*394 **मुरारी मोहन झा (केवटी):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण**

----

*395 **विजय कुमार (शेखपुरा ):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण**

----

## कृषि अनुसन्धान केंद्र स्थापित करना

***396 जितेंद्र कुमार (अस्थावां ):**

**कृषि** क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1.क्या यह बात सही है कि समेकित कृषि प्रणाली के अन्तर्गत विभिन्न अवयव यथा कृषि,उद्यनिकी,मत्स्य पालन,पशु पालन, बकरी पालन, रेशम पालन आदि को समाहित किया जाता है,ताकि किसानों का समेकित विकास हो एवं आय बढ़े;
2.क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के अस्थावॉ विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत सरमेरा कृषि फार्म की उपलब्ध भूमि पर कृषि अनुसंधान केन्द्र की स्थापना करके नालंदा जिला के किसानों को समेकित कृषि प्रणाली को बढ़ावा दिए जाने हेतु प्रस्ताव मई,2024 में ही जिला से विभाग को दिया जा चुका है,जो अबतक लंबित है,
3.यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है,तो सरकार नालंदा जिला विशेषकर अस्थावॉ विधान सभा क्षेत्र के किसानों के हित में सरमेरा कृषि फार्म की जमीन पर समेकित कृषि अनुसंधान केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है,हॉं तो,कबतक,नहीं तो क्यों?

----

## सर्वेक्षण कराना

***397 समीर कुमार महासेठ (मधुबनी):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1.क्या यह बात सही है कि विभागीय पत्रांक 7787 दिनांक 15.10.2024 द्वारा सभी जिला पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास (शहरी) योजना 2.0 अंतर्गत घटकवार पात्र लाभुकों का सर्वेक्षण कराते हुए दिनांक 31.10.2024 तक सूची उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है; 2.क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त पत्र के साथ जो प्रपत्र संलग्न है उसके कारण आज तक राज्य के एक भी जिले से विभाग को सर्वेक्षण प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुआ है; 3.क्या यह बात सही है कि राशन कार्ड अथवा सोशियो इकॅानोमिक एंड कास्ट सेंसस डाटा को आधार नहीं बनाये जाने के कारण सर्वेक्षण कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है; 4.यदि उपुर्यक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार पात्र लाभुकों के सर्वेक्षण की गाईडलाईन में राशन कार्ड अथवा सोशियो इकॅानोमिक एंड कास्ट सेंसस डाटा को भी सम्मिलित करने का विचार रखती है, हां, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

***398 शिव प्रकाश रंजन (अगिआंव ):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण**

----

***399 अमर कुमार पासवान (बोचहां):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार**

----

## चावल उपलब्ध करवाना

***400 शालिनी मिश्रा (केसरिया):**

**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण** क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1.क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलांतर्गत केसरिया विधान सभा क्षेत्र के संग्रामपुर, कल्याणपुर एवं केसरिया प्रखंड में

एस0एफ0सी0 द्वारा खराब गुणवत्ता का चावल उपलब्ध कराये जाने के कारण गरीबों द्वारा चावल नहीं लिया जा रहा है;

यदि हां, तो सरकार उक्त प्रखंडो में कबतक उत्तम किस्म का चावल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

***401 अमरजीत कुशवाहा (जीरादेई):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण**

----

***402 राजेश कुमार (कुटुम्बा ):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण**

----

***403 अशोक कुमार सिंह (पारू):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार**

----

***404 दामोदर रावत (झाझा ):**

**नगर विकास एवं आवास**

----

***405 रामानुज प्रसाद (सोनपुर ):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण**

----

## नाला की सफाई /उड़ाही

***406 सुरेन्द्र राम (गरखा ):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1.क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम क्षेत्र के बहादुरपुर हॉउसिंग कॉलोनी, भूतनाथ रोड के एम0 आई0 जी0 सेक्टर-6 के ब्लॉक नं0-7 एवं 8 के पीछे का नाला की सफाई/उड़ाही कार्य नहीं कराये जाने के कारण नाला का गंदा पानी अन्यत्र बह रहा है, जिससे उक्त क्षेत्र में डेंगू का प्रकोप बढ़ने एवं दुर्गंध फैलने से आवासित आम जनता को बहुत परेशान होती है; यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नाला की सफाई/उड़ाही का कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

*407 **आलोक रंजन (सहरसा):**

**नगर विकास एवं आवास**

----

*408 **भीम कुमार सिंह (गोह ):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन**

----

*409 **प्रहलाद यादव (सूर्यगढ़ा ):**

**कृषि**

----

*410 **अचमित ऋषिदेव (रानीगंज, अररिया):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण**

----

*411 **विनय बिहारी (लौरिया):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार**

----

*412 **अरूण शंकर प्रसाद (खजौली):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण**

----

Rent fixation करना

*413 **आफाक आलम ( कसबा, पूर्णिया):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास वभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कीः- क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिला मुख्यालय नगर निगम के वार्ड न0 12,13 एवं 16 में निगम द्वारा विगत तीन वर्ष पूर्व बनाये गये मकान Rent Fixation नही होने के कारण व्यवसायिक किरायेदार को अत्यधिक रेन्ट देना पड़ रहा है; यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मकानों का Rent Fixation करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## निबंधक सहयोग समितियाँ

*414 **सैयद रूकनुददीन अहमद (बैसी):**

**सहकारिता** क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य कार्यालय निबंधक सहयोग समितियाँ बिहार पटना द्वारा पत्रांक-5076,
दिनांक-30.06.2024 से मुख्य सहकारिता प्रसार पदाधिकारी भभुआ को संयुक्त निबंधक सहयोग समितियां के पद पर पटना में
स्थानान्तरण किया गया था तथा पत्रांक-7987, दिनांक-17.10.2024 द्वारा स्थानान्तरण किये गये जगह पर योगदान करने का पत्र
निर्गत किया गया है, परन्तु मुख्य सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को आज तक नए जगह पर योगदान के लिए विरमीत नहीं किया
गया है;

2. यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मुख्य सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को अविलम्ब
विरमीत कर नए जगह पर योगदान दिलवाने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

*415 **राजवंशी महतो (चेरिया बरियारपुर ):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन**

----

## चाहर दिवारी का निर्माण

*416 **बीरेन्द्र कुमार (रोसड़ा):**

**कृषि** क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1. क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत सिंघिया प्रखंड के लादा कृषि विज्ञान केंद्र में चाहर दिवारी नहीं रहने के कारण आये दिन जानवर प्रवेश कर जाते है, तथा असुरक्षा की स्थिति बनी रहती

है; यदि हाँ, तो सरकार उक्त कृषि विज्ञान केंद्र में चाहार दिवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## दाखिल खारिज रदद कर दिया गया है

*417 **संजय कुमार गुप्ता (बेलसंड):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार** क्या मंत्री, राजस्व एवं भुमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के अंचल में रद्द किये गये जमीन का दाखिल खारिज के लिए डीसीएलार के कोर्ट में रैयतो को जाना पड़ता है जहाँ पर रैयतों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है; यदि हाँ, तो सरकार अंचल में रद्द किये गये दाखिल खारिज के मामले को पुनः अंचल में ही दाखिल खारिज करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

----

*418 **कुंदन कुमार (बेगूसराय ):**

**नगर विकास एवं आवास**

----

*419 **मुकेश कुमार रौशन (महुआ ):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण**

----

*420 **अखतरूल ईमान (अमौर):**

**कृषि**

----

## भूमि अधिग्रहण करना

*421 **अख्तरूल इस्लाम शाहीन (समस्तीपुर ):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार** क्या मंत्री,राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1.क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अंतर्गत अंचल जितवारपुर एवं अंचल ताजपुर के अधीन राजस्व ग्राम आधारपुर (वार्ड सं०-11) में मौजा बाघी छतौना पंचायत स्थित वार्ड सं०-02, रामनाथपुर छतौना पंचायत स्थित वार्ड सं०-12 में सूरतपुर गांवों का बसावटों को

जोड़ने वाली संपर्क सह पहुँच पथ नहीं रहने के कारण लोगों को काफी कठिनाई होती है सरकार वर्णित बसावटो में संपर्क पथ देने के लिए भूमि का अधिग्रहण करने का विचार रखती है,नहीं तो क्यों?

----

***422 विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (नबीनगर ):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार**

----

## कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना

***423 आनन्द शंकर सिंह (औरंगाबाद ):**

**कृषि** क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1.क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला में कृषि विश्वविद्यालय के अभाव में किसानों को उन्नत एवं वैज्ञानिक विधि से खेती करने की जानकारी प्राप्त नहीं होने से अनाजों के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, साथ ही कृषि विज्ञान की पढाई करने वाले छात्र-छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई होती है; यदि हाँ, तो सरकार औरंगाबाद जिला में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## अनुदान का लाभ दिलाना

***424 छत्रपति यादव (खगड़िया):**

**कृषि** क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1.क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में किसान द्वारा अपने नाम से जमीन का कागजात उपलब्ध कराये जाने के पश्चात ही सरकार द्वारा देय डीजल अनुदान, कृषि अनुदान इत्यादि लाभ मिला पाता है;

2.क्या यह बात सही है कि पूर्वजो के नाम से पैतृक जमीन का कागजात उतराधिकारी किसानों द्वारा उपलब्ध कराये जाने पर उन्हें
अनुदान का लाभ नहीं मिल पाता है,

3.यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक इससे संबंधित बनाये गये कम्प्यूटर एैप में सुधार करवाते हुये उतराधिकारी किसानों को भी अनुदान का लाभ दिलाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## भूमिहीन दलित परिवारो का जमीन

***425 संदीप सौरव (पालीगंज ):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा

करेंगे कि :- (1) क्या यह बात सही है कि भूमिहीनों को आवास हेतु पाँच डिसमील ज़मीन देने का प्रावधान है; (2) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत पालीगंज प्रखंड के लालगंज सेहरा पंचायत स्थित उदयनगर तथा खानपुरा तारणपुर पंचायत के खानपुरा टॉंडी में दशकों से बसे दलितों को अब तक जमीन का वासगीत पर्चा नहीं दिया गया है; यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त गाँवों में बसे भूमिहीन दलित परिवारो जमीन का वासगीत पर्चा देने का विचार तख्ती है, नहीं तो क्यों ?

----

***426 रणविजय साहू (मोरवा ):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार**

----

## भूमि अधिग्रहण

***427 देवेश कान्त सिंह (गोरियाकोठी):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- (1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिला स्थित एन0एच0-227ए रामजानकी पथ के निर्माण हेतु उक्त जिला के बसंतपुर अंचल अन्तर्गत 2758 रैयतों का भूमि अधिग्रहण एक वर्ष पूर्व किया गया था; (2) क्या यह बात सही है कि 2758 रैयतों में से 1088 रैयतों को भूमि अधिग्रहण की राशि प्राप्त हुई है एवं 1670 रैयतों को भूमि अधिग्रहण की राशि नहीं मिली है, जिस कारण उन्हें आर्थिक कठिनाई हो रही है; (3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कैम्प लगाकर यथाशीघ्र उक्त रैयतों के जमीन की राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

***428 उमाकांत सिंह (चनपटिया):**

**नगर विकास एवं आवास**

----

***429 शकील अहमद खाँ (कदवा):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार**

----

***430 राकेश कुमार रौशन (इस्लामपुर, नालन्दा ):**

**कृषि**

----

***431 मनोज यादव (बेलहर ):**

**नगर विकास एवं आवास**

----

***432 ललित नारायण मंडल (सुल्तानगंज ):**

**नगर विकास एवं आवास**

----

***433 रामवृक्ष सदा (अलौली):**

**सहकारिता**

----

***434 चेतन आनंद ( शिवहर):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण**

----

## भवन निर्माण

***435 मनोज कुमार यादव (कल्याणपुर):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- (1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत अंचल कोटवा के राजस्व कचहरी (कझिया) के भवन निर्माण/जिर्णोद्वार हेतु समाहर्ता पूर्वी चम्पारण के पत्रांक-०4 (मुख्यालय)/जि०रा० दिनांक-07.01.2022 द्वारा कुल ९,97,000 (नौ लाख संतानवे हजार) रूपये आवंटन की मांग के आलोक में राजस्व विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0-304(4)/रा0, दिनांक-13.07.2022 द्वारा राशि विमुक्ति की स्वीकृति दी गयी थी, परन्तु अभी तक राशि के अभाव में उक्त राजस्व कचहरी का भवन निर्माण कार्य नहीं हो सका है; (2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में उक्त वर्णित कचहरी का भवन निर्माण हेतु उक्त स्वीकृत राशि को समाहर्ता पूर्वी चम्पारण को आवंटन उपलब्ध कराने का विचार रखती है; हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## नल का जल पहुचाने हेतु

***436 संतोष कुमार मिश्र (करगहर):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें किः-

1.क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलानतर्गत नगर पंचायत कोचस के वार्ड नं0-04,05,07,10, के सैकड़ो घरों में नल का जल अभी तक नहीं पहुचा पाया है;
2.क्या यह बात सही है कि उक्त वार्डो के बचे हुए घरों में नल का जल पहुचाने हेतू 2020 में नगर कार्यालय कोचस द्वारा निविदा निकाली गयी थी, जिसे बाद में निरस्त कर दिया गया;
३.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त वार्डो के बचे हुए घरों में नल का जल पहुंचाने का विचार रखती है,हाँ,तो कब तक,नहीं तो क्यों?

----

## कोल्ड स्टोर चालू करना

***437 पवन कुमार जायसवाल (ढाका):**

**कृषि** स्थानीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 1 अक्टूबर 2024 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''बिहार में बंद हो गये 35 फीसदी कोल्ड स्टोरेज'' के आलोक में क्या मंत्री, कृषि विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- 1.क्या यह बात सही है कि राज्य में अवस्थित 303 कोल्ड स्टोरेज में से 101 कोल्ड स्टारेज बंद होने के कारण किसानों को व्यापक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है; यदि हाँ, तो सरकार कबतक बंद 101 कोल्ड स्टोरेज को चालू करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

***438 कुमार शैलेन्द्र (बिहपुर ):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार**

----

## सड़क एवं नाली का पक्कीकरण

***439 कृष्ण कुमार मंटू (अमनौर ):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1.क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिला मुख्यालय निगम क्षेत्र के अन्तगर्त शारदा नगर वार्ड नं0-12 में अरविन्द कुमार यादव के घर से उतरी सड़क तक पक्का नाला एवं सड़क नहीं रहने के कारण सड़क पर ही मुहल्लावासी के द्वारा पानी गिराया जाता है, जिससे सड़क पर कीचड़ हो जाता है, जिससे आम जनता को जाने आने में कठिनाई होती है; यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त पक्की नाला एवं सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

----

***440 विश्व नाथ राम (राजपुर ):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन**

----

## जल की आपूर्ति नहीं की गया है

***441 नेहालउद्दीन (रफीगंज):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- (1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत प्रखंड रफीगंज के पंचायत बौर के ग्राम विशनपुर, प्रेम बीघा मुजारी, कूटकूरी महादलित टोला, दनई महादलित टोला एवं कोटावारा पंचायत के कोटवारा में लोहरा बिगहा और पुरवाही विगहा में नलजल योजना अन्तर्गत अभी तक जल की आपूर्ति नहीं की गयी है जिससे ग्रामीणों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता तथा ग्रामीणों को काफी दूर से पानी लेकर आना पड़ता है; यदि हाँ, तो सरकार रफीगंज प्रखंड के उपर्युक्त ग्राम पंचायतों में नल जल का कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक? नहीं, तो क्यों?

----

## वेंडिंग जोन का निर्माण

***442 कृष्ण कुमार ऋषि (बनमनखी):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1.क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत नगर परिषद, बनमनखी के द्वारा अतिक्रमण मुक्त अभियान के तहत् सड़क के किनारे से फुटपाथी दुकानदारों का दुकान हटा दिया गया है, जिससे उनके सम्मुख रोजी-रोटी समस्या उत्पन्न हो गई है ,एवं उनका परिवार भुखमरी के कगार पर पहुच गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नगर परिषद क्षेत्र में हटाये गये फुटपाथी दुकानदारों के लिये वैंडिंग जोन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## नाला का निर्माण करना

***443 संजीव कुमार (परबत्ता ):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1.क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परबत्ता नगर पंचायत कि मुख्य सड़क पर जलजमाव से मुक्ति हेतु एक करोड़ 38 लाख की राशि से नाला निर्माण की स्वीकृति दिनांक-16.12.23 को होने के उपरांत निविदा की प्रक्रिया अबतक लंबित है, जिससे हर साल परबत्ता बाजार हल्की बारिश में भी जलजमाव से डूब जाता है जिससे करण आमलोगों के साथ दुकानदारों को परेशानियों के साथ आर्थिक नुकसान भी होता है; यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नाला निर्माण की निविदा कि प्रक्रिया पूर्ण कर नाला निर्माण का कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## बासगित पर्चा देना

***444 सुर्यकान्त पासवान (बखरी):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार** क्या मंत्री, राजस्व एवं भुमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- 1 क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के अंतर्गत गढपुरा अंचल के सुजानपुर मौजे के खाता सं0 137 खेसरा सं0 1447/1449/1464/1491/1480 थाना नं0 122, राहुल नगर से रामपुर महंथ की अधिशेष जमीन पर 1992 से भूमिहीन लोग मकान बनाकर निवास कर रहे हैं ; 2 क्या यह बात सही है कि उक्त खाता खेसरा की अधिशेष जमीन पर 1992 ई0 से मकान बनाकर निवास कर रहे भूमिहीन लोगों को अभी तक जमीन का बासगीत पर्चा नहीं दिया गया है; 3 यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त जमीन पर रह रहे भूमिहीनों को बासगीत पर्चा देने का विचार रखती है, हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का पक्कीकरण कराना

***445 चन्द्रहास चौपाल (सिंहेश्वर):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1.क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अंतर्गत सिंहेश्वर प्रखण्ड के नगर पंचायत सिंहेश्वर स्थित वार्ड नं0-2 में एन0 एच0-107 से लेकर भाया अशोक वाटिका होते हुए भेलवा चौक तक की सड़क जीर्ण-शीर्ण है,जिससे स्थानीय लोगों के साथ आमजनों को आवागमन में परेशानी होती है,यदि हाँ,तो सरकार कबतक उक्त सड़क का नवनिर्माण करकर पक्कीकरण कराने का विचार रखती है,नहीं तो क्यों ?

----

***446 अजय यादव (अतरी):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण**

----

***447 महा नंद सिंह (अरवल ):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार**

----

## सड़कों का जीर्णोधार कराना

***448 सी०एन० गुप्ता (छपरा ):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंंत्री,नगर विकास एवं आवास विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1.क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत छपरा सदर प्रखंड के नेवाजी टोला छठ घाट एवं गुदरी राय चौक सहित अन्य 12(बारह )जगहों की सडकें बाढ़ के पानी से उबड़-खाबड़ बन गयी है, जिसके कारण आमजनों को आवागमन में काफी असुविधा होती है; यदि हाँ ,तो सरकार उक्त सड़कों का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## सफल आयोजन करना

*449 **जय प्रकाश यादव (नरपतगंज)**ः

**कृषि** क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1.क्या यह बात सही है कि बिहार बीज निगम द्वारा निर्मित बीजों की गुणवत्ता में सुधार नहीं होने से अररिया जिला सहित प्रदेश के किसान प्राइवेट कंपनियों द्वारा निर्मित बीजों को मनमाने कीमत पर खरीद कर रबी फसल खासकर मक्का की बुआई करने को विवश हैं;
2.क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा आयोजित रबी महोत्सव का आयोजन जिला एवं प्रखंड स्तर पर वास्तविक किसानों से परे सिर्फ खानापूर्ति के लिये की जाती है, परिणामस्वरूप किसानों द्वारा अंधाधुंध उर्वरक प्रयोग पर विराम नहीं लगने से खेतों की उर्वरा शक्ति नष्ट होती जा रही है;
3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बिहार बीज निगम के बीजों की गुणवत्ता में सुधार करते हुए प्राइवेट कंपनियों के बीज मूल्यों पर अंकुश लगाकर रबी महोत्सव का शत प्रतिशत किसानों के बीच सफल आयोजन जिला एवं प्रखंड स्तर पर करने का विचार रखती है हाँ, तो कब तक, नहीं, तो क्यों ?

----

*450 **राजेश कुमार गुप्ता (सासाराम )**ः

**नगर विकास एवं आवास**

----

## जीर्णोद्धार करना

*451 **प्रमोद कुमार (मोतिहारी)**ः

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपया करेंगे किः-
1.क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत मोतिहारी नगर के सत्याग्रह पार्क , स्वामी विवेकानंद पार्क , स्व0 लाल बहादुर शास्त्री पार्क , अटल उद्धान पार्क , हनुमान गढ़ी मंदिर पार्क , मनरेगा पार्क , गॉधी मैदान पार्क सहित राज्य के सैकड़ो पार्क रख-रखाव के अभाव में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है; यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पार्कों का रख-

रखाव की व्यवस्था करने के साथ जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नही, तो क्यो ?

----

*452 **रामविलास कामत (निर्मली ):**

**नगर विकास एवं आवास**

----

*453 **अजय कुमार सिंह (जमालपुर, मुंगेर ):**

**नगर विकास एवं आवास**

----

## कृषि उद्योग स्थापित करना

*454 **निशा सिंह (प्राणपुर):**

**कृषि** क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1.क्या यह बात सही है की कटिहार जिले के आजमनगर प्रखंड एवं प्राणपुर प्रखंड में किसानों द्वारा प्रशिक्षण के अभाव में भी भारी मात्रा में मखाना एवं मक्का का उत्पादन किया जाता है; 2.क्या यह बात सही है की सरकार द्वारा स्थानीय विपणन केंद्र नहीं होने के कारण प्राणपुर एवं आजमनगर के किसानों को मक्का एवं मखाना का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है; यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार प्राणपुर एवं आजमनगर प्रखंड में मखाना एवं मक्का किसानों के लिए प्रशिक्षण केंद्र तथा विपणन केंद्र अथवा कृषि आधारित उद्योग स्थापित करने का विचार रखती है; हॉं, तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## हर घर नल-जल योजना

*455 **मोहम्मद अनजार नईमी (बहादुरगंज):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** क्या मंत्री,लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- क्या बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत बहादुरगंज टेढ़ागाछ, एवं अन्य प्रखण्डों मं भाटाबाड़ी गंगी, महेश बथना में हर घर नल-जल योजना के तहत पानी सप्लाई में फिल्टर मिडिया एवं कार्बन फिल्टर नहीं रहने के कारण ग्रामीण जनता को आयरण युक्त पानी का सप्लाई हो रहा है, जो शरीर के लिए घातक है, यदि हाँ तो सरकार उक्त समस्या का निदान करने का विचार रखती है,हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ।

----

*456 **अमरेन्द्र प्रताप सिंह (आरा):**

**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण**

----

*457 **विजय कुमार खेमका (पूर्णिया):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार**

----

*458 **अवध विहारी चौधरी (सिवान):**

**नगर विकास एवं आवास**

----

*459 **अजय कुमार (बिभूतिपुर ):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार**

----

*460 **कुमार सर्वजीत (बोधगया ):**

**नगर विकास एवं आवास**

----

**बस पड़ाव का निर्माण कराना।**

*461 **ऋषि कुमार (ओबरा ):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1.क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत दाउदनगर नगर परिषद् क्षेत्र में बस पड़ाव स्थापित करने हेतु कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद के पत्रांक 03 दिनांक 04.01.2022 द्वारा अंचल कार्यालय दाउदनगर को जमीन उपलब्ध कराने हेतु पत्र लिखा गया था, लेकिन आज तक बस पड़ाव निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध नहीं कराया गया है; यदि हाँ, तो सरकार कब तक उपर्युक्त बस पड़ाव के लिए भूमि उपलब्ध कराते हुए बस पड़ाव का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

**बासगीत पर्चा देना**

*462 **सत्यदेव राम (दरौली):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1.क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत दरौली प्रखंड के पंचायत तीयर एवं दरौली गांव के तीयर मरौटा एवं मेधनी टोला के
सैकड़ो दलित परिवार नदी के तटबंध पर झोपड़ी बनाकर जीवन बसर करते है क्योंकि कुछ वर्ष पहले इनका गांव सरयू नदी में
विलीन हो जाने के कारण भूमिहीन हो गये है;
2.क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा भूमिहीन की सूची अंचलाधिकारी एवं ए0डी0एम0 सिवान को दी गयी है, परन्तु अभी
तक उन परिवारों को जमीन आवंटन नहीं किया गया है;
3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त भूमिहीन दलित परिवारों को 05 डिसमिल जमीन आवंटन कर
बासगीत पर्चा देने का विचार रखती है, हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

***463 पवन कुमार यादव (कहलगांव ):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण**

----

***464 मनोहर प्रसाद सिंह (मनिहारी):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार**

----

**गन्ना किसानों को काफी आर्थक**

***465 रश्मि वर्मा (नरकटियागंज):**

**कृषि** क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-
(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिला अंतर्गत नरकटियागंज विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2024 में आये बाढ़ के कारण
हजारों एकड़ में लगे गन्ना की फसल खराब हो गयी है जिससे गन्ना किसानों को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है;
(2) क्या यह बात सही है नरकटियागंज विधानसभा क्षेत्र के गन्ना किसानों का बाढ़ से हुई क्षति का अबतक सर्वे कराकर मुआवजा का
भुगतान नहीं कराया गया है;
(3) यदि उपर्युक्त खंड के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नरकटियागंज विधानसभा क्षेत्र के गन्ना किसानों के हित में हुई
गन्ना फसल की क्षति का शीघ्र सर्वे कराकर मुआवजा राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## करवाई करना

***466 मुहम्मद इजहार असफी (कोचाधामन):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** क्या मंंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखण्ड के पंचायत-बलिया, ग्राम-शीतलनगर, वार्ड नं0-5 में लगभग 80 प्रतिशत घर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति से वंचित है, यदि हाँ तो सरकार उक्त वार्ड में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

***467 अनिल कुमार (टिकारी ):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन**

----

## कार्रवाई करना

***468 विद्या सागर केशरी (फोर्बेस्गंज):**

**कृषि**

क्या मंत्री,कृषि विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1.क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र में निर्माणाधीन कृषि उत्पादन बाजार समिति फारबिसगंज को निविदा के मानक के अनुरूप निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है,साथ ही उक्त बाजार समिति में अधिकांश थोक व्यवसायी है परंतु निर्माणाधीन बाजार खुदरा व्यापार के अनुरूप बनाया जा रहा है; यदि हाँ,तो सरकार कबतक उक्त निर्माणाधीन बाजार समिति में थोक व्यवसाय के अनुरूप बड़े दुकान एवं गोदाम बनाने एवं मानक अनुरूप कार्य नहीं होने की जांच करा कर दोषी संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है,नहीं तो क्यों ?

----

## दोषी पर कार्रवाई

***469 ललन कुमार (पिरपैंती ):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1.क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला मुख्याल नगर निगम क्षेत्र की साफ-सफाई हेतु चयनित तीनों नई एजेंसियों की एकरारनामा के अनुसार भुगतान से पूर्व बायोमेंट्रिक उपस्थिति का मिलान करने तथा EPF/ESIC का अंशदान जमा करने के पश्चात ही भुगतान किया जाना था, जबकि एकरारनामा के विरूद्ध एजेंसी के द्वारा भुगतान कर दिया गया है; यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भुगतान की उच्च स्तरीय जाँच कराकर दोषि पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों

?

----

*470 **गोपाल रविदास (फुलवारी ):**

**नगर विकास एवं आवास**

----

**व्यवस्था करना**

*471 **प्रणव कुमार (मुंगेर ):**

**कृषि** क्या मंत्री, "कृषि विभाग" यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- (1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला की दियारा क्षेत्र सरकार के द्वारा टोपोलेंड घोषित होने के कारण यहां के किसानों को 2024 के बाढ़ के बाद दी जाने वाली फसल क्षतिपूर्ति का लाभ नहीं मिल सका जिसके कारण किसान काफी परेशान है; यदि हाँ, तो सरकार टोपोलैंड खत्म कर जमीन पर किसानों का स्वामित्व लौटने या फिर कुछ और व्यवस्था किसानों के लिए कबतक करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

*472 **महबूब आलम (बलरामपुर):**

**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण**

----

*473 **मुकेश कुमार यादव (बाजपट्टी):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण**

----

**पेय-जलापूर्ति बहाल**

*474 **नीतु कुमारी (हिसुआ ):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के नरहट प्रखण्ड के खनवाँ पंचाायत के ग्राम बाजितपुर एवं ग्राम नरहट और हिसुआ
प्रखण्ड के पंचायत के दोना, तुंगी, पचाढा तथा ग्राम रानीपुर में नल जल का कार्य मानक और गुणवता के अनुरूप नहीं होने
से जलापूर्ति न सिर्फ बाधित है बल्कि बंद है, जिससे लोगों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है; यदि हाँ, तो सरकार

जाँच करवाकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुये पेय-जलापूर्ति बहाल करने का विचार रखती है,हाँ, तो कब तक, नहीं, तो
क्यों?

----

*475 **अजीत शर्मा (भागलपुर ):**

**नगर विकास एवं आवास**

----

## विचार रखना

*476 **मंजु अग्रवाल (शेरघाटी):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नगर पंचायत डोभी राजकीय बॉर्डर और व्यापार के दृष्टिकोण से काफी भीड़-भाड वाला शहर है, परन्तु उक्त शहर में वाहन पडाव की व्यवस्था नहीं रहने से यत्र-तत्र सड़क किनारे वाहनों का पडाव रहता है, जिससे हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है |

(2)क्या यह बात सही है कि नगर पंचायत डोभी प्रमुख बाजार होने के कारण आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली खासकर महिलाओं को शौचालय के अभाव में काफी गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता है साथ ही साथ चतरा मोड़ पर हाई मास्क लाइट की व्यवस्था नहीं रहने से पुरा इलाका अंधकारमय हो जाता है |

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर वाहन पडाव, सार्वजानिक शौचालय एवं हाई मास्क लाइट लगवाने का विचार करती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करना

*477 **मुरारी मोहन झा (केवटी):**

**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण** क्या मंंत्री,खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या यह बात सही है कि,दरभंगा जिला के केवटी एवं सिंघवाड़ा प्रखंड अन्तर्गत स्थित अनाज गोदाम से बिचौलियों एवं विभागीय पदाधिकारियों के मिलीभगत से उपभोक्तओं को राशन कम दिया जाता है;

यदि हाँ, तो सरकार इसकी जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है,नहीं तो क्यों?

----

## कृषि अनुसन्धान केंद्र स्थापित करना

***478 जितेंद्र कुमार (अस्थावां ):**

**सहकारिता** क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-
(1) क्या यह बात सही है कि राज्य निर्वाचन प्राधिकार के द्वारा नालंदा जिला के मात्र 7 पैक्सों के मतदाता सूची के प्रकाशन पर
रोक लगायी गयी थी परन्तु जिला सहकारिता पदाधिकारी, नालंदा की गलत अनुशंसा के कारण जिला के 22 पैक्सों के निर्वाचन
पर रोक लगा दिया गया जबकि चुनाव की आधी प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी;
(2) क्या यह बात सही है कि जिला के कुल 29 पैक्सों के चुनाव पर रोक लगाने से लगभग 200 गांवों के किसान सरकार के
योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित हो रहे हैं तथा धान की सरकारी खरीद बाधित हो रही है जिससे उनमें काफी असंतोष
एवं आक्रोश है;
(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार किसानों के हित में सभी पैक्सों के चुनाव कराने की अनुशंसा
राज्य निर्वाचन प्राधिकार को भेजने का विचार रखती है, हाँ तो, कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पथ का निर्माण

***479 समीर कुमार महासेठ (मधुबनी):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री,पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलांतर्गत मधुबनी विधान सभा क्षेत्र के सिंघनियां चैक से स्टेडियम रोड होते हुए गांधी चौक से सूड़ी हाईस्कूल तक (एन0एच0 तक) की 2.45 कि0मी0 लम्बी तथा सकड़ी एन0एच0 से कोशी बांध पर कनकपुर से सौराठ तक 7 कि0मी0 लम्बी एन0एच0 तक के अंश पर बाईपास का निर्माण कराये जाने की मांग विगत 9 वर्षों से प्रश्नकर्ता द्वारा की जा रही है, परंतु आजतक उपर्युक्त सड़कों का निर्माण नहीं किया गया है जिससे मधुबनी शहर के अंदर से होकर वाहनों को जाना पड़ता है और भीषण जाम से शहरवासियों को भारी परेशानी हो रही है, यदि हां तो सरकार कबतक उक्त दोनों पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## मानदेय दिलाना

***480 शिव प्रकाश रंजन (अगिआंव ):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- (1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तगर्त नगर पंचायत गड़हनी

में कार्यरत सफाई कर्मियों को नियमित और तय वेतन नहीं दिया जाता है,उन्हें पहले 325 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी दी जाती थी और इपीएफ भी मिलता था लेकिन अब पुरूषों को 280 और महिला सफाई कर्मियों को मात्र 150 रूपयें प्रतिदिन ही दिया जा रहा है,साथ ही एकरारनामा के अनुरूप मानव बल भी कार्यरत नहीं है ;यदि हाँ, तो सरकार कबतक इसकी जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने के साथ ही कार्यरत सफाई कर्मियों को तय मानदेय दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

***481 अमर कुमार पासवान (बोचहां):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार**

----

**राशन कार्ड बनवाना**

***482 शालिनी मिश्रा (केसरिया):**

**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण** क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1.क्या यह बात सही है कि कि पूर्वी चम्पारण जिलांतर्गत केसरिया विधान सभा क्षेत्र के संग्रामपुर, कल्याणपुर एवं केसरिया प्रखंड के सैकड़ों लोगों के राशन कार्ड को रद्द कर दिया गया है;

2.क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के गरीब दुबारा राशन कार्ड हेतु ऑनलाईन आवेदन देने में सक्षम नहीं हैं;

3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार केसरिया विधान सभा क्षेत्र के सभी गांवों में कैम्प लगाकर राशन कार्ड बनवाने का विचार रखती है, हां, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

***483 राजेश कुमार (कुटुम्बा ):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार**

----

**पार्क का निर्माण कराना।**

***484 रामानुज प्रसाद (सोनपुर ):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर में विश्व प्रसिद्ध मेला लगता है, जिसे देखने देश-विदेश से लाखों पर्यटक आते है, परंतु सोनपुर में एक भी पार्क नहीं होने

के कारण पर्यटकों सहित बच्चों का मनोरंजन एवं बड़े-बुजुर्ग को टहलने में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सोनपुर में एक पार्क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

*485 **आलोक रंजन (सहरसा):**

**नगर विकास एवं आवास**

----

## जलापूर्ति करना

*486 **अचमित ऋषिदेव (रानीगंज, अररिया):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- (1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत गुणवंती के वार्ड नं0-11 पूरब बस्ती दुर्गापुर के 50 धरों में अबतक नल का जल लोगों नहीं मिल सका है, जिससे स्थानीय लोगों को कठिनाई हो रही है; यदि हाँ, तो सरकार उल्लिखित वार्ड में 'हर घर नल का जल' योजना का क्रियान्वयन सफलतापूर्वक सुनिश्चित कर सभी को जलापूर्ति करने का विचार रखती है; नहीं, तो क्यों ?

----

## दलित परिवारों को पर्चा के अभाव

*487 **विनय बिहारी (लौरिया):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार** क्या मंत्री, राज्य एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत लौरिया विधानसभा क्षेत्र के लौरिया अंचल में परसा मठिया धागड़टोली,

बसंवरिया पराउटोला, धागड़ मुसहर टोली, लौरिया नगर पंचायत स्थित पटहेसी दलित बस्ती, दनियाल परसौना दलित बस्ती,

धोबनीधरमपुर पंचायत स्थित दलित बस्ती में दलित परिवारों को बासगीत पर्चा के अभाव में प्रधानमंत्री आवास योजना सहित

सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त स्थान पर बसे दलित परिवारों को जमीन का बासगीत परचा देना

चाहती है; हॅा, तो कब तक, नहीं, तो क्यों ?

----

*488 **अरूण शंकर प्रसाद (खजौली):**

**नगर विकास एवं आवास**

----

## कब्जा दिलाना

*489 **आफाक आलम ( कसबा, पूर्णिया):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग यह बतलाने की कृपा करेगें कीः- 1.क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के गुडी पंचायत के अमरेली मोजा में चकबंदी नियम 26 "क" प्रपत्र गठित किया हैः 2.क्या यह बात सही है कि उक्त मौजा मे जमीन का रसीद, दाखिल-खारिज तथा बिक्री चंकबंदी के अनुसार किया जा रहा है, लेकिन वहाँ के किसानों का जमीन पर कब्जा नहीं है ? यदि उपर्युक्त खंडो का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त अमरैली मौजा में किसानों को जमीन पर कब्जा कबतक दिलाने का विचार रखती है, नही तो क्यों ?

----

## जमीन से सम्बंधित कार्य कराना

*490 **सैयद रूकनुददीन अहमद (बैसी):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कीः-

1.क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिला के बायसी विधान सभा अन्तर्गत प्रखण्ड बायसी एवं डगरूआ अंचल में जमीन से संबंधित नामांतरण, परिमार्जन एवं बासगती पर्चा का कार्य 2022 से लंबित है, जिसके कारण स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है, यदि हाँ तो सरकार उपर्युक्त वर्णित अंचलों में लंबित नामांतरण, परिमार्जन एवं बासगती पर्चा का कार्य कराने का विचार रखती है, हॅा तो कब तक,नहीं तो क्यों ?

----

## पुल निर्माण

*491 **बीरेन्द्र कुमार (रोसड़ा):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत रोसड़ा नगर परिषद क्षेत्र में स्थित डाकबंगला काफी जर्जर हो गया है, यदि हाँ,

तो सरकार कबतक उक्त डाकबंगला का पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

*492 **कुंदन कुमार (बेगूसराय ):**

**नगर विकास एवं आवास**

----

## सम्राट अशोक भवन निर्माण

*493 **मुकेश कुमार रौशन (महुआ ):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1.क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत महुआ विधान सभा क्षेत्र के नगर परिषद, महुआ में वर्ष, 2020 में विभागीय स्तर पर सम्राट अशोक भवन निर्माण हेतु निविदा निकाली गई थी, परन्तु पदाधिकारियों की उदासीनता से जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण निर्माण कार्य लंबित है; यदि हाँ, तो सरकार कबतक जमीन उपलब्ध कराते हुये निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, नही, तो क्यों?

----

## अर्जन की जाने वाली भूमि पर

*494 **अख्तरूल इस्लाम शाहीन (समस्तीपुर ):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार** क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला में भारतमाला परियोजना अंतर्गत हाजीपुर-दरभंगा (NH-119 D) खंड के KM- 32 से KM 65 के लिए अर्जन की जाने वाली भूमि पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने अपने कार्यालय पत्रांक-561/दिनांक-22.09.2021 को मौजा-शाहपुर बघौनी एवं मोहिउद्दीनपुर रजवा में अर्जित की जाने वाली खेसराओं पर अवस्थित मस्जिद एवं कब्रिस्तान वाले खेसराओं को अर्जन से मुक्त करने का आदेश दिया जिससे NHAI के समक्ष पदाधिकारी गण इनकार कर रहे हैं; यदि हाँ, तो सरकार मौजा-शाहपुर बघौनी एवं मोहिउद्दीनपुर रजवा चिन्हित मार्ग रेखन में आँशिक परिवर्तन कर मस्जिद,कब्रिस्तान एवं असमसान घाट के साथ-साथ सघन आवादी सह संरचना को बचाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

*495 **विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (नबीनगर ):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार**

----

## रिवर फ्रंट का निर्माण

*496 **आनन्द शंकर सिंह (औरंगाबाद ):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मं◌ंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की

कृपा करेंगे कि:- (1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला मुख्यालय में अवस्थित अद्री नदी के किनारे रिवर फ्रंट का निर्माण नहीं होने से गन्दगी का अम्बार लगा रहता है,जिससे शहर के बीच में नदी के किनारे कूड़ा-कचरा के जमाव से आम लोगों को पर्यावरणीय प्रदूषण के बीच अपना जीवनयापन करना पड़ता है; यदि हाँ, तो सरकार कबतक औरंगाबाद शहर में स्थित अद्री नदी के किनारे रिवर फ्रंट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## यूरिया खाद पहुंचाना

***497 छत्रपति यादव (खगड़िया):**

**कृषि** क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1.क्या यह बात सही है कि युरिया खाद कम्पनी द्वारा रेल रेक पॉइंट से यूरिया को खुदरा विक्री केन्द्र तक पहुॅचाने का प्रावधान है,जबकि कम्पनी द्वारा राज्य में नियम के विपरित रेल रेक पॉइंट पर ही खाद का वितरण कर दिया जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इसकी जाँच करते हुये दोषी कम्पनी पर कार्रवाई करने के साथ ही नियमानुसार खाद को खुदरा बिक्री केंद्र तक पहुॅचाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कचरा प्रबंधन की व्यवस्था करना

***498 संदीप सौरव (पालीगंज ):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री,नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- क्या यह बात सही है कि,पटना जिला के पालीगंज नगर पंचायत में कचरा प्रबंधन की समुचित व्यवस्था न होने के कारण अख्तियारपुर और खानपुरा रोड के किनारे खुले में कचरा फेंका जा रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं और पर्यावरणीय संकट का सामना करना पड़ रहा है; यदि हाँ,तो सरकार कबतक उक्त नगर पंचायत में कचरा प्रबंधन की समुचित व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

***499 रणविजय साहू (मोरवा ):**

**नगर विकास एवं आवास**

----

## शवदाह गृह का निर्माण

***500 उमाकांत सिंह (चनपटिया):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की

कृपा करेंगे कि:-
1.क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत नगर पंचायत चनपटिया में एक भी शवदाह गृह नहीं होने के कारण मृत व्यक्ति के दाह संस्कार में परेशानी होती है; यदि हाँ, तो सरकार कब तक नगर पंचायत चनपटिया अंतर्गत वार्ड संख्या 2 में पकड़िया घाट पर शवदाह गृह का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

***501 राकेश कुमार रौशन (इस्लामपुर, नालन्दा ):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार**

----

***502 ललित नारायण मंडल (सुल्तानगंज ):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण**

----

***503 चेतन आनंद ( शिवहर):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन**

----

**नाली गली पक्कीकरण करना**

***504 संतोष कुमार मिश्र (करगहर):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंत्री,नगर विकास एवं आवास विभाग,यह बतलाने की कृपा करेगें कि:-
1.क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नगर पंचायत कोचस के वार्ड नं0-04,05,07,10, 11 में आधे से ज्यादा नाली गली कच्ची है, जिसके कारण उक्त मुहल्लों में सालो भर जल जमाव की समस्या बनी रहती है;यदि हाँ,तो सरकार उक्त वार्डो कच्ची नाली गली को कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है,नहीं तो क्यों ?

----

***505 कुमार शैलेन्द्र (बिहपुर ):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार**

----

***506 विश्व नाथ राम (राजपुर ):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन**

----

## उर्वरक की कालाबाजारी रोकना

*507 **सुर्यकान्त पासवान (बखरी):**

**कृषि** क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1.क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अन्तर्गत कृषि उर्वरक की कालाबाजारी के कारण मिलावटी खाद एंव नकली बीज खुलेआम बिक रही है,जिससे किसानों के फसल उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पर रहा है; यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कालाबाजारी को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने का विचार रखती हैं, नहीं, तो क्यों ?

----

## खाद

*508 **चन्द्रहास चौपाल (सिंहेश्वर):**

**सहकारिता** क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- (1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अंतर्गत शंकरपुर प्रखण्ड के रायभीड़ पंचायत के किसानों को कभी भी सरकारी खाद की आपूर्ति नहीं कराई जाती है, जिससे स्थानीय किसानों को कृषि कार्य में परेशानी होती है,यदि हाँ,तो सरकार उक्त पंचायत के किसानों को खाद उपलब्ध नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

----

*509 **अजय यादव (अतरी):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण**

----

## चापाकल लगाना

*510 **महा नंद सिंह (अरवल ):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने का कृपा करेंगे कि :-

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के अरवल प्रखंड के अमरा पंचायत के वार्ड सं० 10 एवं 11 तथा कलेर प्रखंड के

पंचायत सोहता के वार्ड सं० 03 में नल -जल योजना के तहत नल खराब होने से घरों तक पानी नहीं पहुँच पाने और चपाकल

भी नहीं रहने से ग्रामीणों को पेयजल का संकट हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार ग्रामीणों को पानी का संकट नहीं हो इसके

लिए गावों में चापाकल लगाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

*511 **सी०एन० गुप्ता (छपरा ):**

**नगर विकास एवं आवास**

----

**सब्सिडी बढ़ाना**

*512 **जय प्रकाश यादव (नरपतगंज):**

**कृषि** क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
1.क्या यह बात सही है कि लघु व सीमांत किसानों द्वारा प्रयोग की जाने वाली छोटे संयंत्र पावर वीडर जैसे लघु संयंत्रों पर सब्सिडी नहीं बढ़ाने से अररिया जिला सहित प्रदेश के छोटे किसानों को कृषि उत्पादन में अप्रत्याशित सफलता प्राप्त नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक किसानों को लघु संयंत्रों पर सब्सिडी बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

*513 **राजेश कुमार गुप्ता (सासाराम ):**

**नगर विकास एवं आवास**

----

**शुद्ध पेयजल की आपूर्ति**

*514 **प्रमोद कुमार (मोतिहारी):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-
(1) क्या यह बात सही है कि मोतिहारी जिला के मोतिहारी प्रखंड एवं पीपरा कोठी प्रखंड सहित राज्य के सभी नल-जल योजना
अन्तर्गत शुद्ध पेय जल की आपूर्ति बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पदाधिकारी/कर्मचारी पर कार्रवाई करते हुए शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करने का विचार रखती है,नहीं तो क्यों?

----

**अनाज वितरण करना**

*515 **निशा सिंह (प्राणपुर):**

**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण** क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने

की कृपा करेंगे किः- 1.क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत प्राणपुर प्रखंड मुख्यालय में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को प्राणपुर प्रखंड मुख्यालय में निर्मित BFSC गोदाम के बदले जिला मुख्यालय से अनाज दिये जाने पर बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है एवं आम जनों को अनाज वितरण में विलंब का सामना करना पड़ता है; 2.क्या यह बात सही है कि कोरोना काल के पहले प्राणपुर प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को प्राणपुर मुख्यालय के गोदाम से ही अनाज वितरित किया जाता था; 3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्राणपुर प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को प्राणपुर प्रखंड मुख्यालय के गोदाम से अनाज वितरण करने का विचार रखती है; हॉं, तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

***516 विजय कुमार खेमका (पूर्णिया):**

**कृषि**

----

***517 अवध विहारी चौधरी (सिवान):**

**राजस्व एवं भूमि सुधार**

----

***518 कुमार सर्वजीत (बोधगया ):**

**नगर विकास एवं आवास**

----

## सड़क का निर्माण

***519 ऋषि कुमार (ओबरा ):**

**नगर विकास एवं आवास** क्या मंःत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- (1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तगर्त दाउदनगर नगर परिषद स्थित मौलाबाग मोड़ से भाया पासवान चौक सोन तराई तक की जर्जर सड़क को बनाने हेतु नगर कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद दाउदनगर द्वारा विगत 6 माह पूर्व नगर परिषद के बोर्ड में प्रस्ताव पारित कराने हेतु भेजा गया है जो अभी तक लम्बित है; यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की प्रस्तावित योजना को नगर परिषद बोर्ड दाउदनगर से कब तक पारित करा कर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## पेयजल की समुचित व्यवस्था हेतु

***520 पवन कुमार यादव (कहलगांव ):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण** क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- (1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अंतर्गत गोराडीह एवं जगदीशपुर प्रखंड के 19 पंचायतों के कुल 216 गांवों के 230 वार्डों में आम जनों को पेयजलापूर्ति हेतु 30MLD सतही जल आधारित बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना अंतर्गत गंगा नदी में Floating jetty एवं Gangway को अधिष्ठापित करने हेतु कुल 271करोड़ रुपया की योजना प्रस्तावित है, जिसकी स्वीकृति नहीं होने से निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ है, (2) क्या यह बात सही है की उक्त योजना का निर्माण हो जाने से उक्त दोनों प्रखंड के 50 हजार घरों में रहने वाले 3 लाख लोग लाभान्वित होंगे, (3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार पेयजल की समुचित व्यवस्था हेतु उक्त महत्वाकांक्षी योजना को स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कराने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----